**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तरः-**

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| 9-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की कितनी आबादी है? | | जी हां।<br>वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 11,34,273 है। |
| (ख) राज्याधीन सेवाओं में अनुसूचित जनजाति का कितना प्रतिशत है ? | | उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण अधिनियम 1993) के अनुसार उत्तर प्रदेश में राज्याधीन सेवाओं में अनुसूचित जनजाति का 02 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित है। |
| (ग) अनुसूचित जनजाति के विकास हेतु सरकार की क्या कोई कार्य योजना है? | | उत्तर प्रदेश में निवासरत जनजातियों के शैक्षिक एवं आर्थिक विकास हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सहायता से जनजाति विकास विभाग द्वारा निम्नलिखित प्रमुख योजनायें चलाई जा रही हैं:-<br>1-अनुसूचित जनजाति पूर्वदशम (कक्षा-9 व 10) छात्रवृत्ति योजना।<br>2-अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना।<br>3-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण एवं संचालन।<br>4-राजकीय जनजाति छात्रावासों का निर्माण एवं संचालन।<br>5-एकलव्य माडल आवासीय विद्यालयों का संचालन।<br>6-अनुसूचित जनजातियों की छात्राओं हेतु यूनीफार्म एवं बाइसिकिल योजना।<br>7- अत्याचार से उत्पीड़ित अनुसूचित जनजाति के परिवारों को सहायता।<br>8-संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अन्तर्गत विकास कार्यक्रम का संचालन।<br>9-लघु वन उपजों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना।<br>10-प्रधानमंत्री वन धन विकास योजना<br>11-पीएम जनमन योजना। |
| (घ) यदि हॉ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों ? | | प्रश्न नहीं उठता। |

**Signed by Asim Arun**
**Date: 28-07-2024 18:15:39**

(असीम अरूण)
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)